Regarding Expressway

श्री मुकेश राजपूत **(फर्रूखाबाद):** महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय सड़क एवं परिवहन मंत्री जी से निवेदन है कि हमारे यहां बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, जो आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से 135 किलोमीटर पर आकर समाप्त हो जाता है ।

मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, जो वहाँ पर समाप्त हो जाता है, उसे आगे तक बढ़ाते हुए, फर्रुखाबाद होकर गंगा एक्सप्रेस-वे से मिला दिया जाए । इसके मिलने से फर्रुखाबाद में विश्व प्रसिद्ध संकिशा स्थान है, जहाँ पर भगवान बुद्ध का स्वार्गावतरण हुआ था और वहाँ बाबा नीम करोरी जी की तपोस्थली भी है । यहाँ पर विश्व से लोग आते हैं ।

इसलिए आपके माध्यम से, माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इस पर विचार किया जाए, जिससे इस पिछड़े क्षेत्र का विकास होगा और इसके साथ-साथ उस क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा ।